## सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस
## दिनांक– 08.06.2025

**कोतवाली कोंच पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल की नम्बर प्लेट बदलकर बेचने वाले 02 शातिर अभियुक्तगण को 02 अदद चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।**

श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 08.06.2025 को कोतवाली कोंच पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी के दौरान मुखबिर की सूचना पर कैलिया रोड पहाडगांव बाईपास तिराहा के पास से 02 अभियुक्तो को 02 अदद चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया । जिसके सम्बन्ध में कोतवाली कोंच में मु0अ0सं0- 135/25 धारा 317(2)/318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

**पूछताछ का विवरण –**

पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम लोग चोरी की मोटरसाइकिल खरीदकर उनकी नम्बर प्लेट बदलकर दूसरी जगहों पर अधिक कीमत पर बेचकर लाभ कमाते हैं। इसी तरह आज भी हम लोग चोरी की मोटरसाइकिल की नम्बर प्लेट बदलकर बेचने के लिए जा रहे थे कि आप लोगों ने पकड लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

1. आरिफ खान पुत्र आकिल खान उम्र करीब 27 वर्ष नि0 आराजी लाइन कोत0 कोंच जनपद जालौन
2. मोहित कुमार पुत्र स्व0 चन्द्र शेखर उम्र करीब 21 वर्ष नि0 आराजी लाइन कोत0 कोंच जनपद जालौन

**बरामदगी का विवरण –**

1. 02 अदद मोटरसाइकिल चोरी की(प्लेटिना MP-30-MW-0722 व HF डीलक्स MP-30-MT-6513)

**गिरफ्तार करने वाली टीम:-**

1. प्र0नि0 कोतवाली कोंच मय पुलिस टीम।